राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक डॉ॰ शेखर बसु के निधन पर शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 24 सितम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के पद्मश्री प्राप्त प्रख्यात परमाणु वैज्ञानिक तथा परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ॰ शेखर बसु के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्गार में कहा है कि देश के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में डॉ॰ बसु की अविस्मरणीय भूमिका रही है। डॉ॰ बसु के निधन से विज्ञान जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत वैज्ञानिक की आत्मा को चिरशांति तथा शोक–संतप्त परिजनों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....